## एक नजर में

### शिक्षण में आई सी टी का उपयोग विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया



**सतवास।** शिक्षण में आई. सी. टी. का उपयोग कैसे किया जा सकता है, इस विषय पर सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के शिक्षक मनोज दुबे ने तथा कन्या हाई स्कूल सतवास के शिक्षक गजानंद यादव ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी हरी सिंह भारती के मार्गदर्शन में जिले पर आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक संचालक शिवानंद प्रजापति का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में सहायक संचालक सावन पाटीदार एवं ए.डी.पी.सी. ओम प्रकाश दुबे ने उपस्थित होकर प्रशिक्षण की अवधारणा को स्पष्ट किया एवं उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की जिज्ञासा का समाधान कर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सहायक शिक्षक राजेंद्र वर्मा ने प्रशिक्षण का महत्व समझाया। प्रशिक्षण में यह समझाया गया कि, शिक्षण में इन्फॉर्मेशन एन्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी का किस प्रकार उपयोग कर, शिक्षण को प्रभावशाली एवं सरल बनाया जा सकता है। विभिन्न ऐप के माध्यम से अलग अलग परिस्थितियों में भी, अलग अलग विषयो को विद्यार्थियों को कैसे समझाया जा सकता है, और अवधारणाओ को स्पष्ट किया जा सकता है। गूगल टॉक, गूगल फार्म, गूगल शीट, आदि को कैसे बनाया जाता हे और उसका शिक्षण में कैसे उपयोग किया जाता हे। अलग अलग प्रेजेन्टेशन के माध्यम से, मास्टर ट्रेनर डॉ गंगेश कलमोदिया, कमल सिंह नागर, डॉ अनार सिंह ठाकुर, सचिन सर आदि ने बहुत ही विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतीन खान सर, अरुण राठौर सर का सहयोग रहा। प्रशिक्षण में देवास जिले के सभी विकास खंडो के हायर सेकेण्डरी एवं हाय स्कूल में कार्यरत एक शिक्षक शिक्षिका ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### बी एड छात्रों का विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न

**देवास।** शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय देवास में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बी एड के छात्राध्यापकों का विदाई समारोह संपन्न हुआ। महाविद्यालय के अभिजीत सिंह बैस ने बताया कि सत्र 2023-25 के छात्राध्यापकों का बी एड प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी छात्रों को महाविद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वार्षिक उत्सव की विभिन्न क्रीड़ा एवं साहित्यिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विजेता छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार तोमर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बी एड सत्र 2022- 24 में श्रीमती ऋतुराज पाटीदार की प्रथम आने पर प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में प्राचार्य द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन आशीष सोलंकी ने किया। आभार प्रेम नारायण शर्मा ने माना। कार्यक्रम में छात्राध्यापकों का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम उपरांत छात्रों का स्टाफ समूह के साथ ग्रुप फोटो हुआ और अंत में सभी छात्रों का सह भोज भी दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के बनवारी लाल बैरागी, दीपक पाटीदार, अनिल जाधव, ममता परीक, वर्षा शर्मा, अमृता चौधरी, ललिता वावगे आदि स्टाफ जन उपस्थित रहे।

### भूमि अधिग्रहण को लेकर किसान परेशान

**देवास।** इंदौर के विकास के लिए देवास के किसान की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है जिसे लेकर किसान चिंतित है। भारतीय किसान यूनियन (सूर्यवंशी) देवास, अपने क्षेत्र के किसान भाईयो की साथी है। 29 जून को मध्य प्रदेश अध्यक्ष सपना भरोसिया, जिला अध्यक्ष चेतन जैन के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा क्षिप्रा एवं जिला देवास के अन्तर्गत आने वाले गांव नारायण गढ़, कुमारिया, नागोरा, एवं पार्वतीपुरा गांव में किसान समस्या का सर्वे किया। जहाँ किसान भाईयों, महिलाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ व्यक्तियो से मुलाकात की, उनकी तकलीफों को उनके दर्द को हमने महसूस किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज ने भी किसान भाईयों से फोन पर बात की उनका मनोबल बढ़ाया एवं उन्हे आश्वस्त किया कि वे अकेले नहीं है, संगठन उनके साथ है हम उनके अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिये तैय्यार हैं जल्दी ही समस्या को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की जावेगी। किसान की जमीन का अधिग्रहण अर्थात उनके रोजगार संसाधनो का अधिग्रहण है। किसानो की समस्या एवं समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया। इंदौर विकास के अंतर्गत शिप्रा क्षेत्र की जमीन अधिग्रहण को लेकर जिला उपाध्यक्ष विजय चौधरी ने क्षेत्रिय किसानो की भूमी अधिग्रहण की समस्या के विषय मे बताया प्रदेश अध्यक्ष सपना भरोसिया के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव को किसानो की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश जिला उपाध्यक्ष हीरामणि शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष उज्वला व्यास, मंडल अध्यक्ष प्रेमलता परमार, विजय चौधरी जिला उपाध्यक्ष, माधुरी यादव जिला अध्यक्ष सहायक, संगीता लोधी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सत्ता, संगठन और अध्यक्ष के विरुद्ध आदिवासियों का आक्रोश फूटा




**लोहारदा।** नगर में नगर परिषद अध्यक्ष संध्या सुनील मालू द्वारा इस्तीफा वापस लेने के बाद एक बार फिर विरोध के स्वर गूंजने लगे हैं। कल नगर में आदिवासी समाज द्वारा एक व्यापक महाआंदोलन किया गया, जिसे नगर के आमजनों का भी भरपूर समर्थन मिला। यह विरोध प्रदर्शन आवास योजना, स्थायी पट्टे, नगर में अध्यक्ष की अनुपस्थिति और अन्य जनसमस्याओं को लेकर भारत माता चौक पर नगर परिषद कार्यालय के सामने किया गया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट रूप से आरोप लगाए कि अध्यक्ष संध्या मालू न तो नगर में रहती हैं और न ही परिषद कार्यालय आती हैं। केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी जैसे औपचारिक अवसरों पर ही उनकी उपस्थिति देखने को मिलती है। प्रदर्शन कर रहे संगठन के सदस्यों ने बताया कि पूर्व में उन्हें जो पट्टे दिए गए थे, उन पर अब परिषद द्वारा आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने स्थायी पट्टों के वितरण और योजना का लाभ देने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा। गौरतलब है कि पूर्व में भी विरोध के चलते संध्या मालू ने इस्तीफ़ा दिया था, लेकिन हाल ही में उन्होंने इस्तीफ़ा वापस ले लिया। बावजूद इसके, स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अध्यक्ष अब भी न तो नगर में स्थायी रूप से रहती हैं और न ही परिषद में आ रही हैं। नगर में यह पहली बार नही है संध्या मालू के पूर्व के कार्यकाल में भी कई बार बड़े विरोध ओर आंदोलन सामने आये है। सप्रदर्शन के दौरान तहसीलदार सतवास मौके पर पहुंचे और आदिवासी समाज को लिखित में आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगें शीघ्र पूरी की जाएंगी। इसके बाद आंदोलन शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया गया। सरकार एक ओर जहां महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जोर दे रही है और चुनावों में उनके लिए सीटें आरक्षित कर रही है, वहीं दूसरी ओर वास्तविकता में उनके पति या रिश्तेदार प्रतिनिधि बनकर कार्य कर रहे हैं, जो लोकतंत्र और महिला सशक्तिकरण दोनों के साथ मज़ाक है यदि नहीं, तो लोहारदा एक बार फिर नए आंदोलन की ओर बढ़ सकता है।

## खातेगाँव रेंज के जंगलों में अतिक्रमण के लिए प्लांटेशन में पोधों को नष्ट करने का कार्य प्रारम्भ

( महेश साहू )

**कन्नोद।** अभी खिवनी अभ्यारण के जंगल में अतिक्रमण का मामला शांत हुआ ही नही कि खातेगाँव रेंज के जंगल के प्लांटेशन में अतिक्रमण की वारदात सामने आई हे। दिनांक 30 जून 25 को वन मण्डल देवास सामान्य अंतर्गत उप वनमण्डल कन्नौद के खातेगाँव परिक्षेत्र की बीट आमला के कक्ष क्रमाँक- 262 (आरक्षित वन क्षेत्र) में वर्ष 2022 -23 में मनरेगा के तहत किये गये वृक्षारोपण में समीप स्थित गाँव वालों के द्वारा खुलेआम जंगल में घुसकर बाँस के पौधों को उखाड़ा जा रहा है एवं वृक्षों की कटाई प्रारम्भ कर दी गयी है। उनके अनुसार वे इन वनभूमि पर कब्ज़ा कर पट्टों की माँग करेंगे। वन अमले द्वारा समझाने पर भी महिलाओं के द्वारा कटाई नहीं रोकी गयी। लोगों के द्वारा कहा जा रहा है कि हमारे पास जमीन नहीं है और हर सरकारी जमीन में हमारा हक़ है, जिसे हम हासिल करके रहेंगे। मौका स्थल पर वन अमले द्वारा कटाई का वीडियो बनाया गया। जिसमे महिलाए खुलेआम हरे भरे पोधों को बेरहमी से काटकर जंगल का सफाया किया जा रहा हे। वीडियो में मात्र एक वन रक्षक ( वन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष ) ही उन्हें रोकते हुये समझाता नजर आ रहा हे मोके पर वनपाल संतोष मंडलोई, ब्रजेश पंवार भी थे। फिर भी मानने को तैयार नही हे उसके उपरांत अपराधियों पर नियम अनुसार वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया जा रहा है। रेंजर खातेगाँव को विक्रमपुर डिप्टी ने तुरंत सूचना क्रर दी थी परन्तु घंटों बीत जाने के बाद भी एक भी अधिकारी रेंजर व एस.डी.ओ मोके पर नही पहुचें जब तक अतिक्रमण करने वाले महिला पुरुष मौके से जंगल को काफ़ी नुकसान कर जा चुके थे। उक्त वन क्षेत्र भी खिवनी अभयारण्य से लगे हुए पटरानी गाँव का है, जो खिवनीखुर्द के पास में ही है।



## अतिक्रमण विवाद में भाजपा नेता सहित कई पर मामला दर्ज

**देवास।** शहर में बीती रात अतिक्रमण को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। वार्ड पार्षद के पति और भाजपा नेता प्रवीण वर्मा व उनके साथियों पर मारपीट करने का आरोप लगा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने गंभीरता से मामला संज्ञान में लिया और प्रकरण दर्ज किया। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद के दौरान प्रवीण वर्मा व अन्य ने कथित रूप से मारपीट और उपद्रव किया। पुलिस ने घटना स्थल से मिले वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपीगण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 296 ( धार्मिक भावना भड़काने की चेष्टा), 115(2) (उकसाने की प्रवृत्ति), 351(3) (गंभीर हमला), 324(2) (हथियार से मारपीट), व 3(5) अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित) के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वीडियो फुटेज में कुछ अन्य लोग भी दिखाई दे रहे हैं जिनकी पहचान की जा रही है। जैसे ही उनकी पहचान होती है, आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है, हालांकि पुलिस ने हालात पर नियंत्रण बनाए रखा है। मामले की जांच जारी है।

## इंदौर के बाद देवास में भी निजी अस्पतालों पर हो सकती है कार्रवाई

**आयुष्मान कार्ड, क्लेम व अनुबंध दस्तावेजों की होगी पड़ताल**




**देवास।** इंदौर के बाद देवास में भी निजी अस्पतालों पर छापे पड सकते है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत संभावित गडबडियों और अनियमितता की जांच को लेकर गत दिवस इंदौर के बड़े बड़े निजी अस्पतालों में एक साथ छापामारी हुई। भोपाल से आए वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने स्थानीय आयुष्मान कार्यालय के सहयोग से 13 अलग अलग जांच दल बनाए ओर सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक शहर के प्रमुख अस्पतालो की गहन जांच की। इंदौर के बाद आयुष्मान कार्ड में हुई बड़ी गडबडियों में देवास का नाम भी सुर्खियों में रहा है। पूर्व में आयुष्मान कार्ड में हुई धांधलियों को लेकर प्रदेश के जिन अस्पतालों के नाम आए थे उनमें देवास का नाम भी शामिल था। इस कार्यवाही में योजना से जुड़े निजी अस्पतालों द्वारा शासन को भेजे गए इलाज संबंधी बिल, क्लेम, अनुबंध, शर्तो के पालन, और मरीजों पर वास्तविक खर्च की जानकारी के ऑनलाईन रेकार्ड के सत्यापन को लेकर जांच की जाएगी। जांच दल यह भी देखेगा कि क्लेम की गई राशि योजना के निर्धारित नियमों के अनुरूप है या नहीं और अस्पताल से मरीजों के रजिस्टर, क्लेम से जुड़ी फाईलें, अनुबंध की कॉपी, आयुष्मान कार्ड की डिटेल और इलाज से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेजों का मौके पर ही मिलान किया जाएगा और अनियमितताएं पाये जाने पर संबंधित अस्पतालों पर अनुशासनात्मक की जाएगी।

## स्वर संचार समूह द्वारा युगल गीतों का आयोजन

**देवास।** स्वर संचार समूह द्वारा युगल गीतों का आयोजन जिस दिन से मैंने तुमको देखा हैं ... 29 जून रविवार को अभिनव कला समाज इन्दौर में सफलतापूर्वक संपन्न हुवा। यह आयोजन मुख्य आयोजक और संयोजक दिनेश कुमार बावने एवं सहसंयोजक रामकुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में माता सरस्वती पूजन के साथ किया गया। संगीत प्रेमियों से खचाखच भरें हाल में स्थापित गायकों एवं गायिकाओं द्वारा एक से बढ़कर एक शानदार और यादगार युगल गीतों की प्रस्तुतियाँ पेश की गई। जिसमे संतोष कुमार कोल अतिरिक्त पुलीस उपायुक्त यातायात प्रबंधन इन्दौर, डॉ .ओ .पी .गंगे, माया तिवारी, योगेश विंझे, अजीत श्रीवास्तव, संगीता भालेराय, शैलजा शर्मा, अर्चना जैन, भारती होलकर, राम कुमार शर्मा, दिनेश कुमार बावने मुख्य गायकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोतावों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ .ओ .पी .गंगे सेंधवा, तकनिकी सहयोगी प्रमोद पारे, ध्वनि राजा साउंड, विडियो फोटोग्राफी शकील मंसूरी द्वारा की गई। आयोजक मंडल ने संगीत जगत की स्थानीय हस्तियों द्वारा सभी गायिकाओं एवं गायकों को सम्मानित कर भेंट स्वरुप स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस गरिमामय आयोजन को संगीत के ज्ञानी गुणी श्रोताओँ द्वारा काफी सराहा गया।




## 48 वीं राज्यस्तरीय जूनियर बास्केटबॉल चेम्पियनशिप में देवास जिले को रजत पदक

**देवास।** जिला बास्केटबॉल संघ सचिव संजय पाटिल ने बताया कि आई टी एम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में दिनांक 23 जून से 28 जून तक मध्यप्रदेश बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित 48 वीं राज्यस्तरीय जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप मे देवास जिला बास्केटबॉल टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया, एवं रजत पदक जीता। गत वर्ष आयोजित राज्यस्तरीय स्पर्धा में देवास बास्केटबॉल टीम विजेता रही थी। अपने लीग मैच मुकाबले में देवास टीम ने जाफ जबलपुर टीम को 57-35 से, भोपाल डिस्ट्रिक्ट को 49-27 से, वही क्वार्टर फाइनल में रीवा को 62-39 से एवं सेमीफाइनल में आर सी सी भोपाल को 52-34 से हराया। फाइनल में साई सेंटर जबलपुर की टीम से कड़ा मुकाबला करते हुए 39-31 के स्कोर के साथ उपविजेता होने का खिताब अपने नाम किया। इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ी सितंबर में लुधियाना (पंजाब) में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल स्पर्धा में भाग लेंगे। देवास टीम के कप्तान यश यादव थे, टीम के कोच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर एवं वीरेंद्र सिंह ठाकुर थे। मैनेजर आदित्य यादव थे। पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि भारतीय बास्केटबॉल संघ के महासचिव विक्रम अवार्डी कुलविंदर सिंह गिल थे, विशेष अतिथि आई टी एम यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर दौलत सिंह थे। टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी जयवीरसिंह भदौरिया, जिला बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष मनीष पनवार, रईस खान, हेमेन्द्र निगम काकू, शक्तिसिंह गौड़, भारतसिंह राजपूत, संतोषसिंह गौड़, हेमन्त जोशी, संग्रामसिंह साठे, चंद्रभान शुक्ला, निसार खान, आकाश अवस्थी जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ, राकेश लश्करी, जावेद पठान आदि ने देवास जिला बास्केटबॉल के रजत पदक विजेता होने पर बधाई दी।

## आखिरकार फर्जी रजिस्ट्री मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**समान नाम वाले किसान का आधार कार्ड लगाकर करवा ली थी रजिस्ट्री**

**तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार पर भी गिर सकती है गाज**

**देवास।** समान नाम वाले किसान का आधार कार्ड लगाकर फर्जी रजिस्ट्री करवाने और उस पर बैंक से लोन लेने वाले चार लोगों के खिलाफ आखिरकार भौंरासा थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में सेवानिवृत्त पटवारी सजनसिंह पिता प्रहलाद सिंह सेंधव की रिपोर्ट पर आरोपी अजाब सिंह पिता भेरूसिंह सेंधव, गोपाल सिंह पिता अजाबसिंह सेंधव, रामसिंह सेंधव पिता अजाब सिंह सेंधव एवं श्रीमती निशा सेंधव पति रामसिंह सेंधव सभी निवासी ग्राम बुधासा के खिलाफ धारा 420, 468, 34, 419, 464 प्रकरण दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि फरियादी सेवानिवृत्त पटवारी की ग्राम बुधासा में जमीन थी, जिसे कुछ लोगों ने बाले-बाले बेच दिया था। उसके बाद से ही फरियादी भौंरासा थाने व टोंकखुर्द तहसील के चक्कर लगाता रहा, किंतु उसे न्याय नहीं मिला। आखिरकार इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान लिया और तब कहीं जाकर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ है। उल्लेखनीय है कि शिकायतकर्ता सज्जन सिंह पिता प्रहलाद सिंह सेंधव निवासी ग्राम बुधासा ने बताया कि उनके स्वामित्व की कृषि भूमि ग्राम बुधासा तहसील टोंकखुर्द में स्थित होकर भूमि सर्वे नं. 743 रकबा 1.1600 हेक्टेयर है। इस भूमि में से 520.44 वर्गमीटर भूमि अवैधानिक रूप से अजाब सिंह पिता भेरूसिंह सेंधव द्वारा अपने पुत्र के नाम से करवा ली गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि अजाब सिंह ने गांव के ही एक अन्य किसान सज्जनसिंह पिता प्रहलाद सिंह सेंधव का आधार कार्ड लगाकर मेरे स्वामित्व की 520.44 वर्गमीटर भूमि को अपने पुत्र गोपाल सिंह के नाम से विक्रय पत्र निष्पादित करवा लिया और गोपाल सिंह ने इस भूमि का डायवर्शन करवाने के साथ ही पुनावासा निजी फाइनेंस बैंक से गिरवी रखकर 7 लाख रुपये का लोन ले लिया और बाद में गोपाल सिंह ने इस भूमि में से 1800 वर्गफीट भूमि की रजिस्ट्री अपने भाई की पत्नी निशा के नाम पर कर दी और इस रजिस्ट्री के आधार पर निशा के नाम से नारदन आर्क केपिटल लिमिटेड से 8 लाख 76 हजार का ऋण प्राप्त कर लिया।

जब इस बात की जानकारी असल किसान को लगी तो उन्होंने मय प्रमाण के भौंरासा थाने पर शिकायत की थी। साथ ही कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व तहसील कार्यालय तक में आवेदन दिया था, किंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही थी।

### पुलिस कप्तान ने लिया संज्ञान, तब हुआ मुकदमा दर्ज

बताया जा रहा है कि 1 फरवरी 2023 को किसान सज्जनसिंह के साथ आरोपी अजाबसिंह व उसके परिजनों ने धोखाधड़ी की थी और अपने कब्जे वाली जमीन की न सिर्फ रजिस्ट्री करवा ली थी, बल्कि फर्जी तरीके से नामांतरण व लोन भी करवा लिया था। इस पूरे मामले में तहसील कार्यालय से लेकर उप पंजीयक कार्यालय तक के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत थी। इसी के चलते फरियादी की सुनवाई कहीं नहीं हो रही थी। आखिरकार एक माह पूर्व इस मामले में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने संज्ञान लिया और मामले को काफी गंभीरता से लेते हुए एसडीओपी सोनकच्छ व भौंरासा थाना प्रभारी को जांच करने के उपरांत एफआईआर करने के निर्देश दिये थे। तब कहीं जाकर फरियादी की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज हो सका है।

## एबी रोड पर ओवरब्रिज निर्माण से हो रही भारी परेशानी को लेकर हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर

**देवास।** समाजसेवी एवं आरटीई एक्टिविस्ट मनोज श्रीवास्तव द्वारा एबी रोड (देवास से इंदौर) पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं जैसे-अत्यधिक ट्रैफिक जाम, एम्बुलेंस व आवश्यक सेवाओं की आवाजाही में बाधा, आम नागरिकों की सुरक्षा और जान-माल को हो रहे खतरे को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका (पीआयएल) 24924/2025 हाईकोर्ट एडवोकेट अक्षत पहाड़िया के माध्यम से दायर की गई है।

याचिका के माध्यम से मांग की गई है कि जब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक वैकल्पिक ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आम नागरिकों की सुविधा हेतु टोल टैक्स अस्थायी रूप से माफ किया जाए। निर्माण कार्य को लेकर समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए और उसकी निगरानी की जाए। इंदौर और देवास ट्रैफिक पुलिस को विशेष निर्देश जारी किए जाएं, ताकि ट्रैफिक संचालन सुनियोजित ढंग से हो सके। श्री श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि यह याचिका किसी संस्था या व्यक्ति के विरुद्ध नहीं है, बल्कि जनसाधारण की असुविधा और जोखिम को दूर करने के उद्देश्य से दायर की गई है। एबी रोड मध्यप्रदेश की प्रमुख लाइफलाइन है, और इस मार्ग पर चल रहे अव्यवस्थित निर्माण कार्य ने हजारों लोगों की दैनिक जिंदगी को प्रभावित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम आम नागरिकों की सुरक्षा, सुविधा और आपात सेवाओं की समय पर उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए उठाया।

## चारों धाम तीर्थ यात्रा से लौटने पर किया अभिनंदन

**भौरासा।** भोरासा नगर के मोटर रिवाइंडिंग मोटर पंप एव इलेक्ट्रिकल्स व्यवसाय पन्नालाल पाटीदार, चुन्नीलाल पाटीदार, कमल पाटीदार, नागेश कदम अपने परिजनों के साथ चारों धाम गंगोत्री यमुनोत्री केदारनाथ बद्रीनाथ की तीर्थ यात्रा से लौटने पर भोरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष के आतिथ्य में गुलाब के फूलों की पुष्प वर्षा कर एवं पुष्पमाला पहनाकर अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन स्वागत किया भौंरासा नगर मे इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर पार्षद बहादुर सिंह भाटिया रमेश सिंह दीपक राठौड़, मिश्रा जी, सुरेश राठौड़, मुकेश खत्री, कालू जायसवाल, निलेश कदम, सुनील कदम नाना भाई कुमावत, नवीन डोडीया, पप्पू कदम, मुकेश गोस्वामी, पप्पू राठौर, सुनील कुमावत, एवं नगर के अन्य लोगों ने स्वागत किया।

## चौहान की सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



**उदयनगर।** तालिया के गड़बड़हट के बीच में जब गाना सुनाई दिया दिल का सूना साज तराना ढूंढेगा मुझको मेरे बाद जमाना ढूंढेगा,,,,, हर आंखें भीग गई अवसर था क्षेत्र के भजन गायक और शासकीय सेवक जगदीश चौहान की सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम में जब उन्होंने यह गीत सुनाया तो हर आंख गीली हो गई 39 वर्ष 6 माह की लंबी सेवा अवधि पर विभिन्न स्थानों पर अपनी सेवाएं स्कूलों को देने वाले जगदीश चौहान सेवानिवृत हुए तो साला संकुल परिवार जनों के द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई सुभाष चंद्र पाठक ने की अंकुर प्राचार्य कन्हैयालाल परमार ने कार्यक्रम के अध्यक्षता करी सभी वक्ताओं ने जगदीश भाई के कार्यक्रम पर उत्कृष्ट प्रश्न बताया कार्यक्रम में विशेष रूप से राकेश कन्नौज कर राकेश चौधरी सुरेंद्र वर्मा लक्ष्मीकांत मिश्रा रफी मोहम्मद शेख गोविंद चौहान 70 सिंह पटेल ध्यान सिंह भार्गव भार्गव राधेश्याम बसाया गुप्ता मोनिका मेश्राम प्रीति मौर्या गायत्री थोरात रविंद्र पांचाल जगदीश शर्मा सहित विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित था कार्यक्रम का संचालन गुड्डू सर ने किया।

**एक नजर** सभी मंडल प्रभारी एवं जिला पदाधिकारियों के अध्यक्ष एवं सभी जनप्रतिनिधिओ ने बूथों पर देखा व सुना

## 13 वी जिला स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन

**देवास।** खेलगांव देहरिया साहू में मध्य प्रदेश जू-जित्सु संघ के मार्गदर्शन में जिला जू-जित्सु संघ देवास द्वारा 13वी जिला स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता के साथ-साथ जिला स्तरीय स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिला भर से आए 145 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय कोच विजेंद्र खरसोदिया (एनआयएस) एवं रोहिणी कलम के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय रेफरी वैदेही शर्मा एवं वेदांत खरसोदिया ने खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके दिशा-निर्देशन में प्रतिभागियों को खेल की बारीकियों एवं तकनीकी कौशल की विशेष जानकारी दी गई। आयोजक वेदांत खरसोदिया ने बताया कि प्रतियोगिता जिला जूजित्सु संघ देवास की सचिव रश्मि कलम एवं आयोजक अध्यक्ष अजय कुंभकार के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय निर्णयको द्वारा प्रतियोगिता को विभिन्न वजन समूहों एवं आयु वर्गों में आयोजित की गई थी, जिसमें देवास जिले से देवास, बागली, हाटपिपलिया, शिप्रा सोनकच्छ, खातेगांव, टोंकखुर्द के खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें से विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी 11वीं राज्य स्तरीय जू-जित्सु प्रतियोगिता, भोपाल के लिए किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग देवास के जावेद पठान, अमरलाल यादव, गंगाराम पाटीदार वरिष्ठ समाजसेवी, विशेष अतिथि के रूप प्रीतम सिंह सोलंकी प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश जूजित्सु संघ, जितेंद्र पाटीदार उप सरपंच अध्यक्ष यूनिवर्सल स्पोर्ट्स एंड डिफेंस अकादमी डेरिया साहू, कुलदीप गुर्जर, बागली कोऑर्डिनेटर ऑफिसर रेनू सिंह, प्रेम परमार, रजनीश साहू, दिलेर परोसानिया, रितेश खरसोदिया, इन्फैंट्री स्कूल बरखेड़ा के संचालक एवं प्राचार्य महोदय, सनराइज अकादमी के संचालक जीवन सिंह राजपूत, रेणुका कलम, ऋतिक सोलंकी, ऋषभ त्रिवेदी उमा पाटीदार, जितेंद्र पल्सर, भादर सोलंकी एवं विभिन्न गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष नागर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार आयोजन अध्यक्ष अजय कुंभकार ने माना। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों, रेफरी और सहयोगियों को प्रतियोगिता के संचालन के लिए धन्यवाद दिया।